# कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर

## प्रेस कॉन्फ्रेंस – 23 सितम्बर, 2019

## विधानसभा उप–निर्वाचन–2019

## 88–दन्तेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में हुये मतदान की जानकारी

- दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 88 में उप–निर्वाचन के अंतर्गत आज 23 सितम्बर, 2019 को सफलतापूर्वक, शांतिपूर्वक एवं निष्पक्षतापूर्वक ढंग से मतदान हुआ।
- दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में कुल 273 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए। वहीं इन 273 मतदान केन्द्रों के अंतर्गत 05 संगवारी मतदान केन्द्र और 05 आदर्श मतदान केन्द्र भी स्थापित किए गए थे। दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 1,88,263 है, जिसमें महिला मतदाता 98,876 और पुरूष मतदाता 89,748 हैं।
- आज हुए मतदान में इन कुल मतदाताओं में से 1,00,506 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें महिला मतदाता 53,513 और पुरूष मतदाता 46,993 हैं।
- आज हुए मतदान का प्रतिशत 54.15 प्रतिवेदित हुआ है। उक्त आंकड़े अनंतिम है।

1. दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की जानकारी :–

| विधानसभा क्षेत्र का नाम | पुरूष मतदाता | महिला मतदाता | थर्ड जेंडर मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| दंतेवाड़ा –88 | 88,747 | 98,876 | 0 | 1,88,263 |
| महायोग | 88,747 | 98,876 | 0 | 1,88,263 |

2. दंतेवाड़ा उप निर्वाचन के तुलनात्मक मतदान प्रेषित की जानकारी :–

| 2013 Vidhan Sabha General Election | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Name of PC | Elector | | | | Poll | | | | Poll % |
| | M | F | TG | Total | M | F | TG | Total | |
| Dantewada | 84263 | 89818 | 0 | 174081 | 52701 | 55273 | 0 | 107974 | 62.03% |
| **2018 Vidhan Sabha General Election** | | | | | | | | | |
| Name of PC | Elector | | | | Poll | | | | Poll % |
| | M | F | TG | Total | M | F | TG | Total | |
| Dantewada | 89348 | 98059 | 0 | 187407 | 54921 | 58678 | 0 | 113599 | 60.62% |

3. 88—दन्तेवाड़ा में मतदान का प्रतिशत :—

| क्र | समय | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | पूर्वाह्न 07 बजे से पूर्वाह्न 09 बजे | 11.71% |
| 2 | पूर्वाह्न 07 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे | 25.16% |
| 3 | पूर्वाह्न 07 बजे से अपराह्न 01 बजे | 43.36% |
| 4 | पूर्वाह्न 07 बजे से अपराह्न 03 बजे | 53.25% |

- दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में उप निर्वाचन के अंतर्गत आज हुए मतदान में चुनौतियां बाधा नहीं बनी। जब इन्द्रावती नदी उफान पर थी, तो लोकतंत्र पर भरोसा करते हुए मतदाताओं ने लाईफ जैकेट पहनकर और नाव से नदी पार कर मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान किया।
- दंतेवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में लोकतंत्र के इस पर्व में मतदाता बढ़—चढ़कर हिस्सा लिया। कांटों से भरे जंगल और उफनती नदी पार करके मतदाताओं ने मतदान किया। रास्ते में मिली कठिनाइयों और नक्सली आतंक से भयाक्रांत हुए बिना मतदाता मतदान केन्द्र पहुंचे। यही वजह है कि दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नारायणपुर जिले के हाँदावाड़ा और हितावाड़ा मतदान केन्द्र के मतदाता नदी पार कर मुचनार और छिंदनार में स्थापित मतदान केन्द्रों में पहुंचकर निर्भीकता से अपने मताधिकार का प्रयोग किया, और लोकतंत्र के इस महात्यौहार में अपनी सशक्त भागीदारी की।
- उल्लेखनीय है कि नदी पार करने के लिए मोटरबोट की उपलब्धता सुनिश्‍िचत की गई थी। नगर सेना और सुरक्षा बल के जवानों को मोटरबोट में आने वाले मतदाताओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गयी थी।
- इस क्षेत्र के ग्रामीणों की मतदान की शानदार तस्वीरें बताती हैं कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने हेतु उनके जज्बे से लोकतंत्र पर उनका विश्‍वास परिलक्षित हुआ।

- ❖ इसी प्रकार दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक–4 चेरपाल और मतदान केन्द्र क्रमांक–6 पाहुरनार के मतदाता इंद्रावती नदी पार करके छिंदनार में स्थापित किए गए मतदान केन्द्र में मतदान किया।
- ❖ ज्ञात हो कि इंद्रावती नदी पार के सारे पोलिंग बूथ को मुचनार और छिंदनार में शिफ्ट किया गया था, इंद्रावती नदी के 3 घाटों में लगभग 10 से ज्यादा मोटरबोट, होमगार्ड और गोताखोरों की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी थी। व्यवस्था की गई, ताकि नदी पार के ग्रामीण मोटरबोट के सहारे नदी पार कर वोट देने मुचनार और छिंदनार आ जा सके, क्योंकि इंद्रावती नदी पार का इलाका अति संवेदनशील माना जाता है।
- ❖ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–88 दंतोवाड़ा (अ.ज.जा.) के उप निर्वाचन हेतु 28 अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों को समीप के मतदान केन्द्रों में शिफ्टिंग करने की सहमति भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की गई थी।
- ❖ विधानसभा उप निर्वाचन दंतेवाड़ा में परचेली–19 सेक्टर के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक–175 चिकपाल के पीठासीन अधिकारी श्री चंद्रप्रकाश ठाकुर वर्ष की आज प्रातः अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर निकटवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटेकल्याण लाया गया था, जहां उपचार के दौरान प्रातः 6 बजे उनका निधन हो गया। उक्त दिवंगत कर्मचारी स्व. श्री चंद्रप्रकाश ठाकुर के परिजनों को नियमानुसार एक्सग्रेसिया राशि देने की व्यवस्था की जा रही है। यह घटना मतदान प्रारंभ होने के पूर्व की है।
- ❖ कटे–कल्याण के परचेली मार्ग पर सुरक्षा बलों को एक आई.ई.डी. मिला। इसमें लगभग 200 मीटर लंबा वायर भी जुड़ा हुआ था, जिसे सुरक्षा बालों ने सर्तकता और तत्परता से ''डिफ्यूज'' कर दिया। इस मार्ग से एक प्रत्याशी (श्रीमती ओजस्वी मंडावी) को भी गदापाल के मतदान केन्द्र क्रमांक–187 में मतदान करने जाना था। इसी वजह से सुरक्षा बलों ने उक्त प्रत्याशी को संम्पूर्ण सुरक्षा

उपलब्ध कराया। ततपश्चात उक्त प्रत्याशी ने गदापाल के इस मतदान केन्द्र में पहुंचकर मतदान किया।

- ❖ विधानसभा क्षेत्र में उप निर्वाचन के दौरान हुए मतदान हेतु सुरक्षा के लिए बाहर अर्ध–सैनिक बलों की 58 कंपनियों तथा राज्य में उपलब्ध अन्य सुरक्षा बलों को तैनात किया गया। मतदान केन्द्रों के आस–पास पूर्व से ही गश्त बढ़ाने के साथ–साथ जवानों की तैनाती सुनिश्चित की गई।
- ❖ सुरक्षा के बेहतर इंतजाम सुनिश्चित करने की ही दिशा में पुलिस द्वारा ''ड्रोन–कैमरों'' से अंदरूनी इलाकों में नक्सली मूव्हमेंट और अन्य गतिविधियों पर चौकस निगाह रखी गई।
- ❖ दंतेवाड़ा विधानसभा उप निर्वाचन के अंतर्गत आज हुए मतदान में सुबह 7 बजे से ही अपने–अपने घरों से निकलकर अपने निर्धारित मतदान केन्द्र में पहुंचकर उत्साहपूर्वक मतदान किया।
- ❖ पुरूष और महिला मतदाताओं के साथ युवा और बुजुर्ग मतदाताओं ने भी लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 74 वर्षीय मतदाता श्री गोकुल यादव ने दंतेवाड़ा के बालक प्राथमिक शाला आंवराभाठा में स्थापित मतदान केन्द्र में पहुचकर मतदान किया।
- ❖ दंतेवाड़ा उप निर्वाचन में आज हुए मतदान में एन.सी.सी., एन.एस.एस. और स्काउट–गाईड के युवाओं की सक्रिय सहभागिता भी रही। इन युवाओं ने मतदान केन्द्रों में आने वाले बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मदद दी।
- ❖ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में दंतेवाड़ा उप निर्वाचन के अंतर्गत मतदान की गहन मानीटरिंग करने की बेहतर व्यवस्था की गई। पिछले विधानसभा और लोकसभा के आम निर्वाचन की ही तरह दंतेवाड़ा उप निर्वाचन के मतदान के लिए अनेक मतदान केन्द्रों की वेबकॉस्टिंग के माध्यम से नजर रखी गयी।

- चार मतदान केन्द्रों से ईव्हीएम और वीवीपैट की तकनीकी खराबी की सूचना मिलने पर, उन स्थानों पर निर्धारित समय के पूर्व ऐसे इव्हीएम और वीवीपैट को रिप्लेस किया गया, जिससे मतदान सुचारूपूर्वक और सफलतापूर्वक तथा बिना अन्य रूकावट के सम्पन्न हुआ।
- दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान कहीं पर कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई। प्रशासन, पुलिस और सुरक्षा बलों के समन्वय से यह कार्य निर्विघ्न, निष्पक्ष, सफलतापूर्वक और शांतिपूर्वक संम्पन्न हुआ।
- इस कार्य में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया ने प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से अपनी सहभागिता दी, जिसके लिए सीईओ कार्यालय धन्यवाद करता है।

——000——